# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — पंचम(बजट) सत्र

संख्या-15 — बुधवार, दिनांक-09 मार्च, 2016 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 04.23 बजे अप० तक।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी द्वारा बी.आर.पी. सी.आर.पी. महासंघ, झारखण्ड द्वारा 07 मार्च, 2016 से अपनी विभिन्न माँगों को लेकर धरने पर बैठे जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिये जाने हेतु आग्रह किया गया,

ii- माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश सिंह भोगता ने अपने क्षेत्र में शम्भू नामक व्यक्ति की हुई निर्मम हत्या से उत्पन्न स्थिति की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने भी किया, इसे माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया,

iii- माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा सदन में पूर्व से उठाये जा रहे जे.पी.एस.सी. के मामले पर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया। इन्होंने आग्रह किया कि सरकार यदि विपक्ष के आग्रह का सम्यक् समाधान नहीं ढूँढ़ती है, तो आज सरकार की ओर से आयोजित क्रिकेट एवं फुटबॉल मैच में विपक्ष भाग नहीं ले सकेगा, परन्तु आसन के निदेश से माननीय संसदीय कार्यमंत्री द्वारा उनसे आग्रह किया गया कि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ मामले का निष्पादन करेगी, अतएव विपक्ष के माननीय सदस्य आज होनेवाले मैचों में सहर्ष सहभागी बनें,

iv- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा उक्त गठित समिति में पाँचवीं जे.पी.एस.सी. के मामले को जोड़ने तथा छठी जे.पी.एस.सी. की आयोजित होनेवाली परीक्षा पर तत्काल रोक लगाये जाने की माँग की गई,

v- सदन के बाहर धरने पर बैठे माननीय सदस्य, श्री जगरनाथ महतो एवं श्री जय प्रकाश भाई पटेल के सम्बन्ध में आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री फुलचन्द मण्डल द्वारा आकृष्ट किया गया।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित तारांकित एवं अल्प सूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

#### (क)अल्प सूचित प्रश्नों की कुल संख्या-04

(i) उत्तरित कुल-03 अ०सू०-146, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०,

(इस अवसर पर आसन के निदेशानुसार माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम एवं श्री अशोक कुमार द्वारा सदन के बाहर धरने पर बैठे माननीय सदस्य, श्री जगरनाथ महतो एवं श्री जय प्रकाश भाई पटेल को ससम्मान सदन के अन्दर लाया गया।)

(कृपया पृष्ठ उल्टें)

अ०सू०-148, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० एवं
अ०सू०-149, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०।

(ii) स्थगित मात्र-01 अ०सू०-147, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-86

(i) उत्तरित कुल-09, तारांकित-1009, श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०,
तारांकित-1010, श्री आलोक कुमार चौरसिया, स० वि० स०,
तारांकित-1013, श्री बिरंची नारायण, स० वि० स०,
तारांकित-1014, श्री मनोज कुमार यादव, स० वि० स०,
तारांकित-1016, श्री चम्पाई सोरेन, स० वि० स०,
तारांकित-1017, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी, स० वि० स०,
तारांकित-1018, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०,
तारांकित-1019, श्रीमती बिमला प्रधान, स० वि० स० एवं
तारांकित-1020, श्री राज कुमार यादव, स० वि० स०।

(ii) अपृष्ठ कुल-03 तारांकित-1011, श्री ढुलू महतो, स० वि० स०,
तारांकित-1012, श्री मनीष जयसवाल, स० वि० स० एवं
तारांकित-1015, श्री निरल पुरती, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-74 तारांकित-1021 से 1094 तक।

3. शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयीं-

श्री जगरनाथ महतो,
श्री अमित कुमार,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री दशरथ गागराई,
श्री राज कुमार यादव,
श्री कुणाल षड़ंगी,
श्री ताला मराण्डी,
श्री जय प्रकाश सिंह भोगता,
श्री केदार हजरा,
श्री साधु चरण महतो,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
डॉ० ईरफान अंसारी,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री शिवशंकर उराँव,

P.T.O

श्री नारायण दास,

श्री बादल,

श्रीमती मेनका सरदार एवं

श्री हरिकृष्ण सिंह। माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव की शून्यकाल-सूचना को सरकार द्वारा संज्ञान में नहीं लिये जाने के विरोधस्वरूप उन्होंने सदन से बहिर्गमन किया।

(सदन की कार्यवाही के अवलोकन हेतु सामान्य दर्शक दीर्घा में उपस्थित टाटा महाविद्यालय, चाईबासा एवं कोल्हान विश्वविद्यालय स्थित राजनीति विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का आसन द्वारा स्वागत किया गया जिसपर सभा द्वारा मेज थपथपाकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।)

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें तथा उस पर सरकार का वक्तव्यः-

i- माननीय सदस्य, श्री शिवशंकर उराँव एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री साधु चरण महतो ने ''चुहाड़ विद्रोह'' के महानायक रघुनाथ महतो की तस्वीर दोनों उपवेशिकाओं में लगाये जाने हेतु आसन से आग्रह किया गया।)

iii-माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

iv- माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना अधिकृत माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी द्वारा पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

v- माननीय सदस्य, श्री लक्ष्मण टुडू एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ।

## 5.आसन से घोषणाः-

दिनांक-10.03.2016 को 10.00 बजे पूर्वा० से 11.00 बजे पूर्वा० तक लम्बित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनाओं के निष्पादन हेतु सभा का समय निर्धारित किये जाने सम्बन्धी घोषणा आसन से की गयी।

## 6.सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जानाः-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-216(1) के तहत माननीय सभापति, श्री ग्लेन जोसेफ ग्लॉस्टेन द्वारा याचिका समिति के 11वें एवं 12वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

## 6. वित्तीय कार्यः-

श्री अमर कुमार बाउरी, माननीय मंत्री द्वारा **''राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (राजस्व एवं भूमि सुधार प्रभाग)''** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

(कृपया पृष्ठ उल्टें)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

**<u>वित्तीय कार्य (क्रमांक-6 से जारी)</u> :-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव के संदर्भ में श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा वाद-विवाद प्रारंभ किया गया जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री जानकी प्रसाद यादव,

श्री चम्पाई सोरेन,

डॉ० जीतू चरण राम,

(इस दरम्यान माननीय सभापति, आलमगीर आलम ने आसन ग्रहण किया)

श्री स्टीफेन मराण्डी,

श्री नवीन जयसवाल,

श्री सुखदेव भगत,

श्री राजकुमार यादव,

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

श्री केदार हजरा,

श्री हेमन्त सोरेन, माननीय नेता, प्रतिपक्ष

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सरकारी उत्तर पर्यन्त सदन का समय विस्तारित किया गया।)

अन्तराल के पूर्व **<u>''राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (राजस्व एवं भूमि सुधार प्रभाग)''से</u>** सम्बन्धित पेश की गयी माँग पर सरकार की ओर से श्री अमर कुमार बाउरी, माननीय मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया। इसके उपरांत **<u>''राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (राजस्व एवं भूमि सुधार प्रभाग)''</u>** से सम्बन्धित माँग सदन द्वारा स्वीकृत हुई। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ। (शोरगुल)

इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरुवार, **दिनांक- 10 मार्च, 2016 के 10.00 बजे पूर्वा०** तक के लिये स्थगित हुई।

राँची, दिनांक- 09, मार्च, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह

प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा।

— X — X —